मुख्यमंत्री ने विशेष संरक्षित जनजातियों पर आधारित पुस्तिका 'जात्रा' का किया विमोचन

चर्चा में क्यों?

3 मार्च, 2023 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में छत्तीसगढ़ की विशेष संरक्षित जनजातियों पर डॉ. सत्यजीत साहू द्वारा लिखित एवं 'जात्रा' शीर्षक से प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया।

प्रमुख बिंदु

- डॉ. सत्यजीत साहू ने बताया कि पुस्तिका में छत्तीसगढ़ में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातियों के संकेंद्रण, उनकी जीवनशैली, रहन-सहन और खान-पान का उल्लेख किया गया है।
- इसके साथ ही उनकी टीम के द्वारा शिविर के माध्यम से इन जनजातियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करने के साथ ही छोटी-मोटी बीमारियों के प्रति भ्रांतियों को दूर करने के लिये किये गए प्रयासों की भी जानकारी दी गई है।
- उन्होंने बताया कि उनकी टीम सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में कैंप लगाकर राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देने के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाइयाँ भी मुहैया करा रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-released-a-booklet-jatra-based-on-specially-protected-tribes